हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 7 सितंबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 गुरु ही गढ़ते हैं भविष्यः सोनी



11 शोभायात्रा में उमड़ी भीड़, विधायक इंद्र साव...



खबर संक्षेप

भाटापारा में रक्तदान शिविर कल

भाटापारा। संत निरंकारी मंडल, भाटापारा ब्रांच द्वारा मानवता की सेवा एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन, महासती वार्ड, भाटापारा में आयोजित होगा। संत निरंकारी मंडल द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविरों के माध्यम से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने तथा मानव सेवा का संदेश दिया जाता है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है, ऐसे में रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मंडल की ओर से सभी स्वस्थ एवं योग्य नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें।

भाटापारा में नापतौल विभाग का विशेष शिविर 7 से 10 सितंबर तक

भाटापारा। नापतौल विभाग बलौदाबाजार द्वारा भाटापारा शहर एवं आसपास के व्यापारियों की सुविधा के लिए बाट-माप एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरणों के पुनः सत्यापन के लिए 4 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 7 सितंबर से 10 सितंबर तक मातादेवालय वार्ड स्थित जनक नंदिनी धर्मशाला में आयोजित होगा। विभाग ने नगर के सभी छोटे-बड़े व्यापारियों, उद्योगपतियों और व्यवसायियों से अपील की है कि वे शासन के नियमानुसार अपने कांटा-बांट और इलेक्ट्रॉनिक तराजू का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं। शिविर में तौल यंत्रों का भौतिक परीक्षण कर विभाग द्वारा नवीनीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

नीट उत्तीर्ण कर रिया वर्मा ने एमबीबीएस में बनाई जगह

बलौदाबाजार। पलारी की प्रतिभावान छात्रा रिया वर्मा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) उत्तीर्ण कर एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों, शुभचिंतकों और



क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। रिया शुरू से ही मेधावी और मेहनती छात्रा रही हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में सफलता हासिल की। एमबीबीएस में चयन के साथ ही डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने का उनका सपना साकार होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। रिया के पिता शेखर वर्मा और माता शिक्षिका कल्पना वर्मा ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उसकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने रिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बेटी की उपलब्धि से पूरे परिवार का गौरव बढ़ा है।

युवक के पास से नशीली दवा बरामद

महासमुंद। सांकरा के गुरु घासीदास चौक के पास एक युवक के कब्जे से नशीली दवा के टैबलेट बरामद किए गए हैं। मामले में आरोपी के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सांकरा गुरु घासी दास चौक के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से बड़ी मात्रा में नशीली पदार्थ टेबलेट रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जगन्नाथ ध्रुव पिता स्व. डोंगर सिंह ध्रुव (26 साल) वार्ड क्र. 02 सांकरा नशीली दवा नाइट्राजेपाम टैबलेट कुल कीमत 4776 रुपए को बरामद किया गया।

मार्ग जर्जर, गड्ढों में जलभराव व कीचड़ से बच्चे नहीं जा पा रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

सिमगा से बलौदाबाजार जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और उनमें भरा पानी राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर चलने वाले उद्योगों के ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क लगातार खराब होती जा रही है।आज रविवार को कामता गांव के ग्रामीणों ने जर्जर सड़क को लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष रिंकू भाटिया भी ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए। ग्रामीणों ने बताया कि कामता गांव के पास सड़क की हालत इतनी खराब है कि बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है। सड़क के गड्ढों में पानी भरा रहता है और जब वहां से बड़े वाहन गुजरते हैं तो कीचड़ का पानी बच्चों के कपड़ों पर पड़ जाता है। कई बार बच्चे इसी वजह से स्कूल तक नहीं पहुंच पाते। ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि सिमगा बलौदाबाजार मार्ग क्षेत्र का मुख्य मार्ग है, लेकिन इसकी हालत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। आए दिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ दिन पहले भी मुसवाडीह, झिरिया और रिंगनी के लोग सड़क के गड्ढों में गिरकर घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से बड़े उद्योगों के लिए सामान लेकर लगातार भारी और ▶▶ शेष पेज 10 पर

कामता गांव के ग्रामीणों ने जर्जर सड़क को लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया



ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई और आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर सिमगा तहसीलदार अनुराग भट्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर सड़क की स्थिति का जायजा लिया। तहसीलदार ने तत्काल पीडब्ल्यूडी अधिकारी यादव से फोन पर बात कर सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। वहीं रिंकू भाटिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों के साथ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने तहसीलदार एवं यातायात विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क को खराब होने से बचाया जा सके तथा सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी का दिया था झांसा

बीज निगम में फर्जी नियुक्ति, भाजपा नेता कृष्णा की भूमिका उजागर, पीड़ित बना सरकारी गवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

बीज एवं कृषि विकास निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित फर्जी नियुक्ति आदेश जारी कर धोखाधड़ी किए जाने के मामले में बलौदाबाजार के निष्कासित भाजपा नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी की भूमिका सामने आई है। रायपुर के तेलीबांधा थाने में दर्ज मामले की जांच के दौरान कसडोल निवासी हेमंत साहू का बयान सामने आने के बाद पुलिस ने कृष्णा अवस्थी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार हेमंत ने नौकरी दिलाने के नाम पर कृष्णा अवस्थी को दो लाख रुपए देने की बात कही है। उसे मामले में सरकारी गवाह बनाए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार हेमंत साहू को छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिया गया था। इसके एवज में उससे कथित तौर पर दो लाख रुपए लिए गए। इसके बाद उसे निगम के नाम से फर्जी नियुक्ति आदेश उपलब्ध कराया गया। हेमंत के बयान के अनुसार यह राशि कृष्णा अवस्थी को दी गई थी। पुलिस ने उसके बयान के साथ उपलब्ध दस्तावेजों की जांच की, जिसके आधार पर मामले में कृष्णा अवस्थी की भूमिका सामने आने की बात कही गई है।

अधिकारी की शिकायत पर शुरू हुई थी जांच

तेलीबांधा थाने में बीज निगम के अधिकारी विजय कुमार वर्मा की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में निगम के नाम और विभागीय दस्तावेजों का कथित रूप से दुरुपयोग कर फर्जी नियुक्ति आदेश जारी करने की बात सामने आई थी। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस को हेमंत साहू के संबंध में जानकारी मिली। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में हेमंत ने नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपए दिए जाने और इसके बाद फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र मिलने की जानकारी दी। बयान और दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने कृष्णा अवस्थी की भूमिका की जांच आगे



रिसदा क्षेत्र से भी जुड़े तार

पुलिस के अनुसार ग्राम रिसदा, थाना पलारी क्षेत्र में भी फर्जी नियुक्ति पत्र जारी किए जाने से संबंधित जानकारी सामने आई है। इससे पुलिस को आशंका है कि फर्जी नियुक्ति आदेश तैयार कर नौकरी दिलाने के नाम पर रकम लेने का मामला एक व्यक्ति तक सीमित नहीं हो सकता। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की विस्तृत जांच अभी जारी है।

कसडोल में कार्यालय नहीं, फिर भी जारी हुआ नियुक्ति पत्र

इस मामले की खास बात यह है कि कथित नियुक्ति आदेश में कसडोल में बीज निगम की इकाई से संबंधित जानकारी दी गई थी, जबकि विभागीय अधिकारियों के अनुसार वहां निगम का ऐसा कोई कार्यालय नहीं है। निगम की ओर से कथित नियुक्ति पत्र को अवैध बताया गया है। अधिकारी ने दस्तावेज पर अपने हस्ताक्षर को भी फर्जी बताया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी नियुक्ति आदेश किसने तैयार किया, उसमें विभागीय लेटरहेड और हस्ताक्षर का इस्तेमाल कैसे हुआ तथा इसे तैयार करने और संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाने में किन लोगों की भूमिका रही।

तेलीबांधा थाने में दर्ज है मामला

तेलीबांधा थाने में अपराध क्रमांक 382/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 338 और 340(2) में मामला दर्ज है। पुलिस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका और आर्थिक लेन-देन की भी जांच कर रही है। गौरतलब है कि कृष्णा अवस्थी पहले से ही पलारी थाने में दर्ज फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में जेल में निरुद्ध हैं। उस मामले में उनके पुत्र प्रणव अवस्थी समेत छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं, प्रणव अवस्थी के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर रकम लेने के अलग-अलग आरोपों में भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है। ऐसे में बीज निगम के फर्जी नियुक्ति आदेश मामले में कृष्णा अवस्थी की भूमिका सामने आने से पुलिस जांच का दायरा और बढ़ गया है।

रायखेड़ा-खौना मार्ग जर्जर आज सड़क पर उतरेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा



तिल्दा के रायखेड़ा से खौना जाने वाली सड़क को देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि यहां सड़क है या फिर सड़क में गड्ढे। हालात ऐसे हैं कि राहगीर मजाक में इसे "गड्ढों में सड़क या सड़क में गड्ढे" कहने लगे हैं। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने का खतरा हर वक्त बना रहता है और छोटी दुर्घटनाएं यहां आम हो चुकी हैं। तिल्दा जनपद पंचायत क्षेत्र की यह सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के रखरखाव और मेंटेनेंस पर हर साल लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, बावजूद इसके सड़क की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। बारिश ने सड़क की गुणवत्ता और मरम्मत व्यवस्था की पूरी पोल खोलकर रख दी है।

- पीडब्ल्यूडी की सड़क पर बारिश ने खोली गुणवत्ता की पोल, रोजाना हजारों लोग परेशान

खास बात यह है कि सड़क के आसपास अदाणी समूह का पावर प्लांट भी स्थित है। प्लांट में ड्यूटी करने वाले कर्मचारी छुट्टी के बाद इसी मार्ग से अपने गांवों की ओर जाते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्कूली छात्र- ▶▶ शेष पेज 10 पर

हैवी वाहनों पर रोक, फिर भी धड़ल्ले से आवाजाही

ग्रामीणों के मुताबिक इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बावजूद भारी वाहन लगातार गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों के दबाव से सड़क जगह-जगह धंस गई है और गड्ढे लगातार बड़े होते जा रहे हैं। इससे हादसों का खतरा बना रहता है। क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि सड़क की बदहाली को लेकर जिले के कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक सड़क की उचित मरम्मत नहीं कराई गई है।जनपद सदस्य का कहना है कि "इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। स्कूली बच्चों से लेकर नौकरीपेशा लोगों तक सभी इसी सड़क पर निर्भर हैं। बड़ी दुर्घटना होने से पहले सड़क की मरम्मत जरूरी है। उन्होंने क्षेत्र में मौजूद औद्योगिक इकाइयों के सीएसआर फंड को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब क्षेत्र में इतनी बड़ी कंपनियां हैं और सीएसआर का पैसा खर्च किया जाता है, तो ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं पर इसका लाभ क्यों नहीं दिखाई देता, यह समझ से परे है।

नाबालिगों को हथियार बेचने या धार लगाने पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

शहर और आसपास क्षेत्र में बढ़ती चाकूबाजी और नाबालिगों के धारदार हथियार लेकर घूमने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने तिल्दा-नेवरा पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत पुलिस टीम ने रविवार को स्टेशन चौक, सुभाष चौक, सिंधी कैम्प सहित क्षेत्र की विभिन्न वेल्डिंग-फैब्रिकेशन दुकानों, लोहारों और चाकू एवं धारदार औजारों की धार करने वाले कारोबारियों से संपर्क कर उन्हें ▶▶ शेष पेज 10 पर

- वेल्डिंग-फैब्रिकेशन दुकानों, लोहारों और चाकू धार करने वालों को दिए सख्त निर्देश





नाबालिगों को भी किया जा रहा जागरूक

अभियान के दौरान पुलिस केवल दुकानदारों को निर्देश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि नाबालिगों को भी धारदार हथियारों के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों को समझाया जा रहा है कि चाकू अथवा किसी भी धारदार हथियार को अपने पास रखना या लेकर घूमना उनके लिए भी खतरनाक है।पुलिस ने बताया कि छोटी-सी कहासुनी या विवाद में हथियार का इस्तेमाल गंभीर अपराध का कारण बन सकता है, जिससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो सकता है। नाबालिगों को विवाद से दूर रहने और किसी भी प्रकार का हथियार नहीं रखने की समझाइश दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि नाबालिगों को अपराध की प्रवृत्ति से दूर करने के साथ-साथ कम उम्र के बच्चों को धारदार अथवा घटना में उपयोग होने वाली वस्तुएं उपलब्ध कराने वाले माध्यमों पर भी निगरानी रखी जाएगी।

पलारी विकास योजना प्रारूप प्रदर्शनी आज

पलारी। पलारी निवेश क्षेत्र के लिए विकास योजना प्रारूप छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के उपबन्धों के अनुसार प्रकाशित किया गया है। उक्त विकास योजना प्रारूप की प्रदर्शनी का आयोजन 7 सितम्बर 2026 को नगर पंचायत पलारी के सभाकक्ष किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ कसडोल विधायक संदीप साह, अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, गोपी साहू एवं जनपद अध्यक्ष सविता यादव द्वारा किया जायेगा। उक्त प्रदर्शनी अवलोकन हेतु जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक को भी आमंत्रित किया गया है। पलारी निवेश क्षेत्र के लिए विकास योजना प्रारूप की प्रति मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पलारी तथा उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के कार्यालयों में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिन को छोडकर निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

दो कृषि केंद्रों में मिली बड़ी गड़बड़ी विक्रय प्रतिबंधित, दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले के कृषि केन्द्रों का सघन निरीक्षण की कार्यवाही जारी है।इसी तारतम्य में रविवार को विकासखण्ड पलारी एवं बलौदाबाजार के दो कृषि केन्द्र मे अनियमितता पर विक्रय प्रतिबंधित किया गया। विकासखंड पलारी के कीटनाशी निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा के द्वारा ग्राम अमेरा, में संचालित एन. के. ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में भारी अनियमितता पाई गई। कृषि केंद्र में कालातीत कीटनाशकों का उचित संधारण नहीं किया गया था। विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशक का स्कंद एवं मूल्य सूची का प्रदर्शित नहीं की गई थी। इसके अलावा विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। विकासखंड बलौदाबाजार के कीटनाशी ▶▶ शेष पेज 10 पर



देवाशीष कृषि सेवा केंद्र और सहकारी समिति खैदा को नोटिस

ग्राम खैदा में संचालित देवाशीष कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, खैंदा का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान समिति में स्कंध पंजी का उचित संधारण नहीं पाया गया जिस कारण समिति को कारण बताओ नोटिस जरी किया गया है। विकासखण्ड भाटापारा के कीटनाशी निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा ग्राम निपनिया, में संचालित आशा कृषि केंद्र एवं विकासखण्ड सिमगा के कीटनाशी निरिक्षक ओएम कुजूर द्वारा जय किसान ट्रेडर्स, सिमगा का औचक निरिक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री मोदी से भी साझा किए शिक्षा में नवाचार के अनुभव

राष्ट्रपति ने सुनीता को प्रदान किया राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

शिक्षक दिवस पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लिए गौरव का क्षण रहा। बरमकेला विकासखंड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय खिचरी की शिक्षिका सुनीता यादव को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2026 के राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ से इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पाने वाली वे एकमात्र शिक्षिका हैं। सुनीता यादव ने ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा को नवाचार, तकनीक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा है। वे कठिन विषयों को सहज बनाने के लिए बच्चों के अभिनय वाली लघु फिल्में तैयार कर शिक्षण में उपयोग करती हैं।

इसके अलावा दीक्षा एप, स्टोरीवीवर, ऑडियो बुक, पॉडकास्ट, ब्लॉगिंग और स्मार्ट क्लास जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करती हैं। बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के लिए वे अपने व्यय से दूध उपलब्ध कराने के साथ समुदाय को न्योता भोजन के लिए प्रेरित करती हैं।



पूर्व में भी मिल चुके हैं कई प्रतिष्ठित सम्मान

समारोह से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित शिक्षकों से मुलाकात की। इस दौरान सुनीता यादव ने ग्रामीण बच्चों के लिए किए जा रहे अपने शैक्षणिक नवाचार साझा किए। उन्हें वर्ष 2024 में राज्य शिक्षक सम्मान तथा 2025 में पंडित मुकुटधर पांडे स्मृति अलंकरण भी मिल चुका है। सम्मान पर प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा, कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू और एसपी सुनील शर्मा ने उन्हें बधाई दी।

शिक्षिका भारती वर्मा को राष्ट्र निर्माता सम्मान



सिमगा। शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के वार्षिक शिक्षक सम्मान समारोह में सिमगा विकासखंड की नवाचारी शिक्षिका भारती वर्मा को 'राष्ट्र निर्माता सम्मान' से सम्मानित किया गया। उन्हें शैक्षिक नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्यावरण जागरूकता और समुदाय आधारित गतिविधियों के लिए शाल, श्रीफल, स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया। शिक्षिका भारती वर्मा विद्यालय में विभिन्न नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता विकसित करने के साथ समुदाय को भी शिक्षा से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों से संचालित 'मुस्कान पुस्तकालय', खेल-खिलौना संग्रहालय और पर्यावरण संरक्षण अभियान को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। समारोह में डॉ. राधेश्याम बघेल, डॉ. बीना गिडवानी, प्रमोद शर्मा एवं जुगराज बाग को भी सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब के नागेश बंछोर ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान हुआ।

खबर संक्षेप



ईल्दा पंचायत के गौठान में पौधारोपण

खरोरा। ग्राम पंचायत ईल्दा में रविवार को सरपंच एवं पंचों के नेतृत्व में गोठान परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फलदार एवं छायादार सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में पीपल, नीम, जामुन, आंवला सहित विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया।पौधारोपण कार्यक्रम में सरपंच धनेश कुमार साहू, उपसरपंच उर्मिला धीवर, पंच परशुराम साहू, गोपी राम साहू, सुकालू धीवर, नाथूराम साहू, फिरतू राम साहू, लोकेश्वरी साहू, धनेश्वरी डहरिया, लक्ष्मी धीवर तथा पंचायत सचिव भगत राम देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

40 गांवों से जुटेगा यादव समाज आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

खरोरा। भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 7 सितंबर को खरोरा में सर्व यादव समाज खरोरा परिक्षेत्र के तत्वावधान में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें खरोरा सहित आसपास के करीब 40 गांवों से यादव समाज के हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। वार्ड क्रमांक 11 स्थित कृष्णा नगर चौक से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें भव्य कलश यात्रा, आकर्षक झांकियां और पारंपरिक राउत नाचा मुख्य आकर्षण होंगे। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाली शोभायात्रा के दौरान राधे-कृष्ण के जयघोष से माहौल भक्तिमय होगा। कार्यक्रम में धरसीवां विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मनीराम साहू को मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार

सिमगा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं विशेष नवाचार करने के लिए ग्राम कचलोन सिमगा निवासी मनीराम साहू प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला चौरेंगा का चयन राज्य शिक्षक पुरस्कार 2026-27 के लिए किया गया है।



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रति वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को लोक भवन में राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाता है। अगले वर्ष सम्मानित होने वालों शिक्षकों के नामों की घोषणा विगत 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के दिन स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने की है। उल्लेखनीय है कि प्रधान पाठक मनीराम साहू सन 1995 से शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 2017 में शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत भी उन्हें प्राप्त हो चुका है। विगत 5 जून 26 को पर्यावरण एवं पर्यावरण विकास समिति तथा छत्तीसगढ़ राजभाषा परिषद बिलासपुर द्वारा छन्द गौरव सम्मान भी दिया जा चुका है।

शक्ति कॉन्वेंट स्कूल में एक दिन के लिए शिक्षक बने विद्यार्थी

गुरु ही गढ़ते हैं भविष्यः सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

शिक्षक दिवस पर शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा में शनिवार को विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका निभाकर एक दिन के लिए कक्षा संचालन की जिम्मेदारी संभाली। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य, भाषण और विशेष गतिविधियों से विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विशेष प्रस्तुतियां दीं तथा गुरु शिष्य संबंध के महत्व को अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर कमल सोनी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। उनके ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व एवं भविष्य आकार लेता है। प्राचार्या शोभा सोनी ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं रहते बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी ने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन में हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहता है।उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता स्मिता सोनी, अभिषेक जैन, फिरोज कुरैशी, मोरजध्वज साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



खरोरा में में मना शिक्षक दिवस

खरोरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा संकुल खरोरा विकासखण्ड तिल्दा भारत के महान शिक्षक, दार्शनिक पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन की जयंती के पावन अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में किया गया। मां सरस्वती की पूजन वंदना के साथ कार्यक्रम में उपस्थित सम्माननीय सुरेश साहू सर तथा रामसिंह गिलहरे सर एवं शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया। सुरेश साहू सर द्वारा राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला गया। संस्था प्रमुख जीरा पाध्याय तथा संकुल समन्वयक रामकरण वर्मा द्वारा बच्चों को शिक्षक दिवस के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बाल कैबिनेट के प्रतिनिधियों द्वारा तथा शाला के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को उपहार दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक चंद्रशेखर साहू, नीलम एक्का, प्रीति वर्मा, दुर्गेश, नंदनी शर्मा, सोनाली शर्मा, सुरेखा शर्मा, गिरीश यादव, पुर्णिमा निर्मलकर, मंदाकिनी चंद्राकर, मोहित साहू, डोमन साहू, मनीषा निषाद, बी एड प्रशिक्षार्थी अदिति कुम्मकार, वर्षा वर्मा, पार्वती राणा, मोनिका देवांगन, श्रीद्धि यादव, दीपिका टंडन, श्रिया पाण्डे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस पर आभार प्रकट किया गया।





कोसमसरा में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

कसडोल। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमसरा में कसडोल विकासखंड स्तरीय समस्त शैक्षिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित समारोह में सितंबर 2025 से अगस्त 2026 तक सेवानिवृत्त हुए विकासखंड के शिक्षकों को सम्मानित कर उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को नमन किया गया। समारोह में विकासखंड के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कसडोल अध्यक्ष कुसुम लता पैकरा, अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत उपाध्यक्ष देवानंद नायक, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सभापति जान कुंवर मिरी, जनपद सदस्य सीता सुरेंद्र निषाद, ग्राम पंचायत कोसमसरा के सरपंच दुलार सिंह पैकरा, ग्राम पंचायत सेमरिया के सरपंच वीरेंद्र कुमार साहू एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा जिला भाजपा उपाध्यक्ष सत्यभामा साहू ने मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में आरती श्रीवास एवं भूमिका पठारे ने राजगीत प्रस्तुत किया। श्वेता पठारे ने सरस्वती वंदना की मनोहारी प्रस्तुति दी। साथ ही राज्यपाल से पुरस्कृत प्रधान पाठक जगन्नाथ प्रसाद देवांगन ने सुमधुर स्वर में गुरु वंदना प्रस्तुत की।

ग्राम पंचायत कोसमसरा के सरपंच दुलार सिंह पैकरा ने क्षेत्र की शैक्षिक आवश्यकता को सामने रखते हुए हायर सेकंडरी भवन की मांग रखी। संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का शाल-श्रीफल से सम्मान

समारोह में विकासखंड कसडोल से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों में पुकराम पुरेना, रणजीत कौशिक, एमएल कश्यप, सुरेश कुमार शर्मा, मनाराम धृतलहरे, रामलाल साहू, धनीराम साहू, प्रकाश चंद्र नेताम, लोचन प्रसाद, अनिरुद्ध भोई, शिव कुमार साहू, रामनारायण टंडन, महेश चंद्र यादव, कुंदन कैवर्त्य, तुलाराम डडसेना, सियाराम चेलक, जगमोहन सिंह पैकरा, नरसिंह ठाकुर, हरलाल प्रसाद साहू, लछी राम साहू, गेंदालाल पटेल एवं दुर्योधन सिन्हा सहित अन्य शिक्षकों का अतिथियों ने बैच लगाकर एवं शाल, श्रीफल, डायरी, कलम तथा पुष्पहार भेंटकर सम्मान किया।

प्रियंका को मुक्तिबोध स्मृति अलंकरण

बिलाईगढ़। शिक्षक दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित राजभवन में आयोजित समारोह में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति अलंकरण से सम्मानित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने सारंगढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा की प्रधानपाठक गोस्वामी को प्रशस्ति पत्र, शाल एवं चेक प्रदान किया।

प्रियंका गोस्वामी शिक्षा में नवाचार, साहित्य और तकनीक के समन्वय से बच्चों के सीखने को सहज एवं रोचक बनाने के लिए कार्य कर रही हैं। कमजोर विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए वे गीत, कविता, कहानी, नाटक और कठपुतली जैसे रचनात्मक माध्यमों का उपयोग करती हैं। दीक्षा एप, स्टोरीवीवर, ऑडियो बुक, पॉडकास्ट और स्मार्ट कक्षा के माध्यम से तकनीक आधारित शिक्षण को भी बढ़ावा दे रही हैं। वे बच्चों के पोषण और समग्र विकास के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में निःशुल्क समर कैंप के माध्यम से शिक्षा पहुंचाने में भी सक्रिय रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में प्राथमिक शिक्षा में बदलाव पर शोध पत्र तथा 'प्रारंभिक बाल्यावस्था, देखभाल और शिक्षा' पुस्तक भी लिखी है। उन्हें पूर्व में राज्यपाल शिक्षक सम्मान भी मिल चुका है। सम्मान पर प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू एवं एसपी सुनील शर्मा ने शुभकामनाएं दी।



शिक्षक दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्यों का सम्मान

कसडोल। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल में सरस्वती शिक्षा समिति एवं किशोर भारती-कन्या भारती के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू, व्यवस्थापक देवेंद्र साहू, संस्थापक एसके मिश्रा, उपमन्यु वर्मा, ललितनारायण साहू, कुमुदिनी कश्यप, चंद्रलेखा मिश्रा एवं प्राचार्य जयलाल मिश्रा ने मां सरस्वती, भारत माता, 'ॐ' तथा डॉ. राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में आचार्यों एवं दीदियों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा छठवीं, आठवीं, नवमी एवं दसवीं की छात्राओं ने उड़िया, कन्नड़ और छत्तीसगढ़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में लोक संस्कृति के रंग भर दिए। आचार्य बालकृष्ण तिवारी, प्राचार्य जयलाल मिश्रा, संस्थापक एसके मिश्रा एवं अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू ने शिक्षक दिवस की महत्ता और गुरु के जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला।



महिला संगठन ने किया गुरुजनों का सम्मान

कसडोल नगर की मां आदि शक्ति महिला संगठन की अध्यक्ष चंद्रलेखा मिश्रा एवं सचिव रामेश्वरी साहू के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने विद्यालय के सभी आचार्यों, दीदियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया। वहीं विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति, किशोर भारती एवं कन्या भारती की ओर से भी आचार्यों को आकर्षक भेंट एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किशोर भारती प्रमुख ओमप्रकाश साहू, यशवंत कुम्हार, सक्षमदास मानिकपुरी, नम्रता कैवर्त, मनोरमा साहू, जागृति यादव, सौम्या जलतारे एवं कर्तव्य चेलक का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन योगेश साहू एवं नम्रता कैवर्त ने किया।

सिंधी समाज ने मनाया थधड़ी पर्व, मां शीतला से मांगी समृद्धि की कामना

तिल्दा नेवरा। सिंधी समाज ने गुरुवार को पारंपरिक थधड़ी पर्व आस्था, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने मां शीतला माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरोगी जीवन की कामना की। पर्व की खास परंपरा के अनुसार पूरे दिन समाज के घरों में चूल्हा नहीं जला और सभी ने एक दिन पहले तैयार किया गया ठंडा भोजन ग्रहण किया। थधड़ी पर्व सिंधी समाज द्वारा भादो माह की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। सदियों पुरानी इस परंपरा को आज भी समाज के लोग पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभा रहे हैं। पर्व की तैयारियां बुधवार शाम से ही शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने मीठी रोटी सहित विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन तैयार किए। गुरुवार सुबह महिलाएं और बच्चे तालाब पहुंचे और स्नान कर वहां से जल लेकर आए। घरों में इस जल का छिड़काव किया गया। मान्यता है कि इससे घर में सुख-शांति, सकारात्मकता और उल्लास बना रहता है। इसके बाद मां शीतला माता की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की गई। पूजा के बाद समाज के लोगों ने ठंडा भोजन किया। बच्चों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। परिवारों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ भोजन साझा कर पर्व की खुशियां बांटीं।

जर्जर सड़क में ट्रक फंसा, रिसदा बाईपास पर छह घंटे थमे रहे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

लवन चौक से भाटापारा बाईपास और रिसदा बाईपास मार्ग की जर्जर हालत एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी। रिसदा बाईपास पर सड़क के गहरे गड्ढे में एक भारी मालवाहक ट्रक खराब हो गया। इसके चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब छह घंटे तक भारी वाहनों के पहिए थमे रहे। समस्या को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी और ग्राम रिसदा निवासी नितेश मंडले ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनदर्शन में कलेक्टर को आवेदन सौंपा। उन्होंने लवन चौक से भाटापारा बाईपास तथा रिसदा बाईपास चौक से सुहेला-हथबंद तक सड़क की तत्काल मरम्मत और बड़े पैमाने पर पेचवर्क कराने की मांग की। ग्रामीणों और वाहन चालकों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही होती है, लेकिन सड़क की लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे आए दिन वाहन खराब होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।



भारी वाहनों से जर्जर हो रहीं सड़कें

त्रिवेदी और मंडले ने सीमेंट संयंत्रों से निकलने वाले भारी वाहनों के कारण सड़क पर बढ़ते दबाव का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों के दोहन के साथ प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षित सड़कों की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम और आंदोलन किया जाएगा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विजेताओं को बांटे मेडल

अनुशासन और अभ्यास से ही मिलेगा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य मे रविवार को इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया और बेहतर भविष्य की शुभकामनायें दी। इस दौरान नन्हे बच्चों ने कराते का प्रदर्शन भी किया।





प्रतियोगिता मे लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कलेक्टर श्री शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज जो बच्चे खेल मे भाग लिये हैं उनमे से कुछ ने जीता है और बाकी ने जीतने के अनुभव सीखा।उन्होंने कहा कि आप आज के खिलाडी ही नहीं बल्कि विकसित भारत संकल्प के भविष्य भी है।

कुछ बच्चों की रूचि खेल मे,कुछ की पढ़ाई मे और कुछ दोनों मे रूचि लेते हैं,जिसमें भी रूचि हैं उसका लक्ष्य तय करें। लक्ष्य हासिल करने में अनुशासन और अभ्यास जरूरी है। उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत करने से सफलता जरूर मिलेगी। हर किसी के अंदर शक्ति हैं,अपनी क्षमता को पहचाने और उसी दिशा मे ऊर्जा लगाएं। अपने सपने के प्रति सचेत रहे, खेल मे बेहतर करें और अपने परिवार,समाज और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने जिले मे खेल प्रतिभाओ को आगे बढ़ाने मे जिला प्रशासन की प्रतबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर व्हालीबाल, बैडमिंटन, कराते, बास्केट बॉल, मल्ल खम्भ 10 से 12 वर्ष एवं 13 से 17 वर्ष के विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अरविन्द कुमार टी, तहसीलदार निवेश कोरेटी, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित कोच एवं खिलाडी उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष

मार्ग जर्जर, गड्ढों...

ओवरलोड वाहन गुजरते हैं। जिसके कारण सड़क पर ज्यादा दबाव पड़ने से सड़क तेजी से खराब हो रही है। शासन-प्रशासन को इस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। प्रदर्शन में राजा तिवारी, नागेश साहू,आशीष साहू, गणेश राम ध्रुव , पुनऊ राम वर्मा, टीकाराम महिलांग, संजय साहू,विनेश साहू, रूपेंद्र साहू, कमलेश वर्मा, मोनू यादव, वासु ध्रुव सुंदर निषाद, नोमान साहू, पारस ध्रुव, उमेश यादव, विशेश्वर वर्मा, जीतू ध्रुव, प्रेम लाल साहू, पन्ना लाल साहू, हुपेंद्र वर्मा, अर्पित निषाद, तरुण गोस्वामी, कुलदीप साहू, नोमन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

रायखेड़ा-खौना मार्ग...

छात्राएं भी रोजाना इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में सड़क की बदहाली से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लगातार शिकायतों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर 7 सितंबर को जनपद सदस्य प्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में ग्रामीण धरना प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी रोक लगाई जाए और सड़क निर्माण व मेंटेनेंस की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए।

नाबालिगों को हथियार...

आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने दुकानदारों और कारोबारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि चाकू या अन्य धारदार औजार खरीदने अथवा धार कराने के लिए यदि कोई नाबालिग पहुंचता है तो विशेष सतर्कता बरती जाए। ऐसे मामलों में नाबालिग को धारदार हथियार उपलब्ध कराने या उसकी धार करने में सहयोग न करें और तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें।पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी नाबालिग के पास चाकू अथवा अन्य धारदार हथियार मिलता है और उसका संबंध किसी आपराधिक घटना से सामने आता है, तो हथियार उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति और संबंधित दुकानदार की भूमिका की भी जांच की जाएगी। परिस्थितियों और लागू कानून के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

2 कृषि केंद्रों ...

निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा ग्राम सेम्हराडीह में संचालित कुनाल कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशक का स्कंद एवं मूल्य सूची का प्रदर्शित नहीं की गई थी। विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।

खबर संक्षेप



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर चितावर में मटका फोड़

मुंडा। ग्राम पंचायत चितावर में शुक्रवार 4 तारीख को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया और गांव के लोगों द्वारा शाम को मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें सुनील वर्मा, पुनाराम पटेल, सरपंच सागर पटेल, गणपत देवदास, खिलावन पटेल, सोहन पटेल, बरातु पटेल, चौक राम हिसार, देसी कीर्तन, शांता कुमार, परदेशी, गुरदास व ग्रामवासी भारी संख्या में सम्मिलित रहे।

22वीं बार रक्तदान कर सालिक पटेल बने युवाओं के प्रेरणास्रोत

बगबुडा। रक्तदान करना बहुत पुण्य का कार्य होता है। रक्तदान करने से हमारा शरीर भी स्वस्थ



रहता है और हमारे रक्त से किसी की जिंदगी को नया जीवन भी मिल सकता है। जो व्यक्ति जितना ज्यादा रक्तदान करता है वह उतना ही ज्यादा स्वस्थ और रोग मुक्त रहता है। सालिक पटेल ने 22वीं बार रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। सालिक पटेल ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है।

ढाबा में खाना खाने गए आरक्षक की बाइक चोरी

महासमुंद। ढाबा में खाना खाने गए एक आरक्षक की बाइक अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को आरक्षक नील सिंह ठाकुर ने बताया कि वह थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में पदस्थ है। 02 सितंबर की दोपहर लगभग 02 बजे उसने अपने टीवीएस जुपिटर वाहन क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 5160 को खोपली पडाव ढाबा के सामने खड़ी कर खाना खाने के लिए चला गया। वापस आने पर देखा कि उसका वाहन उक्त जगह पर नहीं है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

जिला अस्पताल से शिक्षक की बाइक चोरी

महासमुंद। जिला अस्पताल के पार्किंग स्थल से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सहायक शिक्षक बुद्धेलाल मार्कंडे निवासी ग्राम साराडीह ने बताया कि वह 5 सितंबर को जिला अस्पताल गया था, जहां उसने अपनी मोटर साकयल हीरो होंडा सीडी डिलक्स क्र सीजी 04 डीवी 9654 को जिला अस्पताल खरोरा महासमुंद के पार्किंग स्थल में दोपहर करीब 2.15 बजे खडी कर अस्पताल अंदर चला गया। वापस शाम करीब 5.30 बजे आकर देखा तो उसकी बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पर्व : दही हांडी और खेल प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

हर्षोल्लास से मनाई गई जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा





कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 2 स्थित राधा-कृष्ण एवं गौरा-गौरी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण एवं माता गौरी के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। जन्माष्टमी पर्व को लेकर वार्ड में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पारंपरिक मटकी फोड़ (दही हांडी) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। वहीं, मातृशक्ति के लिए महिला रस्सी खींच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी टीम भावना और उत्साह का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर मनीषा कोशले (पार्षद), संत नवरंगे, प्रमोद कुम्भकार, मुकेश साहू सहित वार्ड के सम्मानीय एवं गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता और उत्सव का माहौल बना रहा।

एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव में जन्माष्टमी की धूम

खरोरा। एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व परंपरा और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर भक्ति-भाव से सराबोर रहा और विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों को जीवंत कर दिया। नर्सरी से पीपी-II तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण और राधा की वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उनकी मधुर मुस्कान और भोली अदाओं ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित मटकी फोड़



प्रतियोगिता ने उत्सव का मुख्य आकर्षण प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने टीम भावना और उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे वातावरण उल्लास और ऊर्जा से भर गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर कहा की जन्माष्टमी जैसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में परंपराओं के प्रति सम्मान और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देते हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का माध्यम है। विद्यालय प्रबंधन के निदेशक महोदया एवं सम्माननीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की कृष्ण जन्माष्टमी हमें जीवन में धर्म, नीति और सदाचार का महत्व समझाती है। बच्चों को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा मिलती है कि वे अपने जीवन में सत्य और कर्तव्य का पालन करें। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।



दहीहंडी लूट प्रतियोगिता में मानविय ग्रुप प्रथम

रवान। पौसरी में बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा विगत कई वर्षों से कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर दहीहंडी लूट प्रतियोगिता का आयोजन करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नीरज परगनिहा के द्वारा प्रथम पुरस्कार 2101 रुपए विजेता टीम, मानविय ग्रुप को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार, सरपंच मंजुला कमलेश ध्रुव के द्वारा 1001 रुपए, आरसीबी ग्रुप को प्रदान किया। तृतीय पुरस्कार उप-सरपंच घना राम वर्मा के द्वारा 701 रुपए, सानिया रानी औधेलिया को प्रदान किया गया। बाल गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष थानेश्वर त्रिवेदी (लक्की महराज) आकाश यादव, दुर्गेश भट्ट, दक्ष रजक, राम अवतार, लक्ष्मी प्रसाद, परशुराम, गोपी भट्ट, हेमंत कुमार, वेदराम यादव, पीलू निषाद, गोपी भट्ट तथा गांव के गणमान्य वार्ड पंच किशन औधेलिया, अनिल सेन, संतोष रजक, मुकेश कुमार, बृजलाल, टोपू वर्मा, यशवंत निषाद तथा बड़े संख्या में महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।



मारुति पब्लिक स्कूल में मनाई जन्माष्टमी

करहीबाजार। मारुति पब्लिक स्कूल करहीबाजार में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में मटकी फोड़ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विद्यार्थी राधा कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में पहुंचे जिनके बाल गोपाल स्वरूप ने सब का मन मोह लिया पद्मधान पाठक उदय राम देवांगन ने विद्यार्थियों को श्री कृष्ण जीवन आदर्श और कर्म संदेश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह पर्व भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है।

सरस्वती शिशु मंदिर कोसरंगी में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व



खरोरा। सरस्वती शिशु मंदिर कोसरंगी में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर छोटे छोटे भैया बहनों द्वारा भक्ति से ओतप्रोत भजन गीत, कविता का पठन किया गया तथा दही लुट एवं मटका फोड़ में बढ़चढकर भाग लिया गया। उत्साह वर्धन के लिए कृष्ण, राधा एवं कृष्ण राधा सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम भारती के सह सचिव तोषण लाल साहू थे। अध्यक्षता संस्था के आचार्य उत्तम कुमार साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि गैंद लाल साहू विराजमान थे। इस अवसर पर आचार्य रूपेंद कुमार साहू, परमानंद वर्मा, आचार्या सावित्री तुर्कने, सीमा साहू, लक्ष्मी साहू, पार्वती साहू, शकुंतला निषाद, पूजा वर्मा, तथा आया खिलेश्वरी साहू, कला पाल का भरपूर योगदान रहा।

चेंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी का ऐतिहासिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक एवं नवनिर्युक्त भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रतिनिधि श्रीचंद सुंदरानी के भाटापारा प्रथम आगमन पर सेंट्रल सिंधी पंचायत, पूज्य बिरादरी पंचायत एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सिटी सेंटर मॉल परिसर में ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। दायित्व मिलने के बाद पहली बार नगर पहुंचे श्री सुंदरानी के स्वागत को लेकर व्यापारी वर्ग और सिंधी समाज में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रीचंद सुंदरानी के साथ रायपुर से आए प्रमुख अतिथियों अमर गिदवानी, जितेंद्र बदवानी, राजेश गुरनानी, रमेश मंधान, हरिराम तलरेजा, सुदेश मध्यान, प्रेम सोनी, संजय मंधान एवं विजय इसरानी का भी भाटापारा आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया की छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक श्री चंद सुंदरानी के भाटापारा नगर आगमन पर सेंट्रल सिंधी पंचायत एवं पूज्य विरादरी पंचायत वा चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा ऐतिहासिक एवं जोरदार स्वागत-अभिनंदन किया गया। वर्तमान में श्री चंद सुंदरानी को भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रतिनिधि का प्रभार दिया गया है। यह दायित्व प्राप्त करने के बाद भाटापारा में उनका यह पहला आगमन था, जिस पर उनका जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। श्री चंद सुंदरानी जी के साथ रायपुर से आए अतिथियों में अमर गिदवानी, जितेंद्र बदवानी, राजेश गुरनानी, रमेश मंधान, हरिराम तलरेजा, सुदेश मध्यान, प्रेम सोनी, संजय मंधान एवं विजय इसरानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं भाटापारा चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से श्री चंद छाबड़िया, प्रहलाद लचवानी, गुरमुख गंजवानी, अमरजीत सिंह सलूजा, लक्ष्मी नारायण सोनी, योगेंद्र यदु, सौरभ आनंद, बलवंत सिंह सलूजा एवं प्रेम सेठी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

एकजुटता ही व्यापारी समाज की सबसे बड़ी ताकतः अमरजीत सिंह सलूजा

इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण एवं चैंबर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री सुंदरानी के आगमन को लेकर समाज एवं व्यापारिक वर्ग में विशेष उत्साह देखने को मिला। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने कहा कि श्री चंद सुंदरानी का भाटापारा आगमन समाज एवं व्यापारिक जगत के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उनके स्वागत के लिए सिटी सेंटर मॉल परिसर में विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां उपस्थित सदस्यों एवं समाजजनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। सलूजा ने कहा कि सिंधी समाज एवं व्यापारी समुदाय की एकजुटता और आपसी समन्वय ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, संगठन और व्यापारिक एकता को और मजबूत करते हैं।

शोभायात्रा में उमड़ी भीड़, विधायक इंद्र साव ने प्रभु श्रीराम की पूजा कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



भाटापारा में श्री अखंड रामनाम सप्ताह की परंपरा के समापन अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा के दौरान जब रामधुन मंडलियों से सजा रथ कांग्रेस मंडप के समीप पहुंचा, तब भाटापारा विधायक इंद्र साव ने रथ में विराजमान प्रभु श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इस दौरान कांग्रेस के स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक इंद्र साव के साथ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रामधुन में शामिल मंडलियों एवं रामभक्तों का स्वागत किया। इस दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष और रामनाम की धुन से गूंज उठा। कांग्रेस मंडप पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए धार्मिक आयोजन के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, रमेश यदु, सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, आलोक मिश्रा, बसंत भृगु, सुनील साहू, कुलदीप सलूजा, कुबेर यदु, अरुण यादव, सुकृत साहू, सुधेराम वर्मा, घनाराम साहू, सीरिज जांगड़े, गौरी भृगु, चंद्रशेखर चक्रधारी, नरेंद्र यदु, पप्पू साहू, त्रिलोक सलूजा, देवनारायण बांधे, संजय केशरवानी, रामरतन डांडेकर, बिमलेश्वरी ध्रुव, भरत वर्मा, सुंदर साहू, मानधाता साहू, मदन ठाकुर, शेषनारायण यदु, दाउ संतोष अग्रवाल, उदय साहू, हीरमत बाई साहू, पूर्णिमा श्रीवास, दानी भाट, कृष्णा टंडन, रानू चौहान, जीत्तु शर्मा, वैभव केशरवानी, मुकेश हेंवार, सत्यजीत शेंडे, कृष्णा केशरवानी सहित कांग्रेस नेता व कार्यकता उपस्थित रहे।

यादव समाज ने धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



सिमगा। नगर में यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह राधे-श्याम मंदिर में भजन-कीर्तन किया गया। यादव समाज की टोली ने नगर में घूम घूमकर मोहल्लों में लगी दही हांडी फोड़कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की एक दूसरे बधाई दी। यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाकर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जो राधे-श्याम मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की झांकी का स्वागत किया। सदर रोड में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, विक्की मानिकपुरी, यश शर्मा, राजा तिवारी, नागेश साहू सहित साथियों ने भगवान श्रीकृष्ण और यादव समाज का स्वागत किया। इस दौरान महिला, पुरुष और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए भक्ति में झूमते नजर आए। श्री कृष्ण के जयकारों जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

बिजनेस साइट

दो बार कार्डियक अरेस्ट के बाद भी 33 वर्षीय युवक को चिकित्सकों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



ग्राम बागबुड़ा निवासी 33 वर्षीय विनोद कुमार साहू की जान बचाने में चंदा देवी तिवारी अस्पताल के चिकित्सकों को सफलता मिली। सीने में दर्द और सांस लेने में परेशानी के बाद अस्पताल पहुंचे विनोद की जांच में लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी में खून का थक्का फंसा मिला। उपचार के दौरान मरीज को दो बार कार्डियक अरेस्ट भी हुआ, लेकिन चिकित्सकों ने तत्काल उपचार कर दोनों बार उन्हें सफलतापूर्वक पुनर्जीवित किया।

तीन बच्चों के पिता विनोद कुमार साहू को गंभीर स्थिति में तत्काल कैथ लैब ले जाया गया। एंजियोग्राफी में लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी में रक्त का थक्का मिलने पर चिकित्सकों ने बैलून एंजियोप्लास्टी और थ्रोम्बोसक्शन के जरिए थक्का निकालने का प्रयास किया, लेकिन पहली प्रक्रिया में थक्का पूरी तरह नहीं निकल सका। इसके बाद तीन दिनों तक रक्त का थक्का कम करने और रक्त को पतला करने वाली दवाओं का इन्फ्यूजन दिया गया।

उपचार के दौरान मरीज की स्थिति बिगड़ने पर दो बार कार्डियक अरेस्ट हुआ। चिकित्सकों ने डिफिब्रिलेटर से शॉक देकर दोनों बार मरीज को पुनर्जीवित किया और उपचार जारी रखा। तीन दिन बाद दोबारा एंजियोग्राफी में थक्का काफी कम पाया गया। इसके बाद प्रभावित धमनी में स्टेंट डालकर सफल एंजियोप्लास्टी की गई। उपचार के बाद विनोद की हालत में तेजी से सुधार हुआ और वर्तमान में वे स्वस्थ हैं।

अस्पताल में उपचार डॉ. वेदप्रकाश वर्मा के नेतृत्व में किया गया। परिजनों ने चिकित्सकों और पूरी टीम के प्रति आभार जताया। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. नितिन तिवारी ने कहा कि कार्डियक विभाग की सेवाओं को लेकर क्षेत्रवासियों का विश्वास बढ़ रहा है। अस्पताल का प्रयास है कि हृदय रोगियों को बेहतर और आधुनिक उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराया जा सके।



खबर संक्षेप



संत रविदास महाराज की जयंती पर निकली कलश यात्रा

लवन। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देश पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत लवन मंडल में कलश यात्रा निकाली गई। वाराणसी स्थित संत रविदास जी के जन्मस्थान से लाई गई पावन मिट्टी को कलश में रखकर यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ग्राम मुंडा से प्रारंभ होकर ढनढनी, बरदा, अहिल्दा और चिचिरदा होते हुए लवन के रविदास चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने संत रविदास के आदर्शों को अपनाने और सामाजिक समरसता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव, गिरधारी लाल वर्मा, तोषकुमार यादव, गोविंद घृतलहरे, प्रशांत यादव, नरेश साहू, चंद्रभूषण वर्मा, नरेंद्र साहू, शिव वर्मा, राजेश मधुकर, शांता साहू सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं रविदास समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

करहीबाजार में विद्यार्थियों ने गुरुजनों का किया सम्मान



करहीबाजार। मारुति पब्लिक स्कूल करहीबाजार में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शिक्षकों का सम्मान किया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुरु शिष्य परंपरा और शिक्षा के महत्व की झलक देखने को मिली समारोह के दौरान विद्यार्थी शिक्षक के मार्गदर्शन और उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे प्रयासों के प्रति आभार जताया ।

देवसुन्द्रा के मुक्तिधाम परिसर में पौधरोपण



पलारी। ग्राम देवसुन्द्रा में निस्वार्थ सेवा संगठन युवाओं का ऐसे समूह है जो गांव की पर्यावरण को बेहतर बनाने व गांव को हरिहर रखने के लिए तिज त्योहार के अलावा अन्य खुशी की मौके पर युवाओं द्वारा विगत 7 वर्षों से पौधरोपण करते आ रहे है साथ ही संगठन के युवाओं ने मुक्तिधाम को सौंदर्यीकरण करने का संकल्प लिया है जिसे सजाने के लिए विगत 7 वर्षों से प्रयास रत है युवाओं ने दानदाताओं के सहयोग से मुक्तिधाम में पहले से लगे पेड़ों पर चबूतरे बनवाए हैं साथ ही बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सी भी दानदाताओं द्वारा अपने मृतक परिवार की स्मृति में दान किया गए निस्वार्थ सेवा संगठन द्वारा लगाया गया। इसी कड़ी में रविवार को निस्वार्थ सेवा संगठन के अध्यक्ष भूपेंद्र वर्मा की सुपुत्री गार्गी वर्मा के प्रथम जन्मदिन पर मुक्तिधाम में पौधरोपण कर उसे ट्री गार्ड से सुरक्षित किया गया। संगठन के सदस्यों का मानना है कि जन्मदिन पर फालतू खर्च से अच्छा है कि उसी पैसों से ट्री गार्ड बनवाकर पौधारोपण कर संरक्षित किया जाए। इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, संगठन प्रमुख राजेन्द्र वर्मा, शिव वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, नरेंद्र वर्मा, युवराज, धर्मेंद्र पटेल, खूशबू, सूर्या आदि उपस्थित थे।

शिक्षकों के योगदान को याद करते विधायक इन्द्र साव शिक्षकों को किया सम्मानित

राष्ट्र निर्माण और संस्कार गढ़ने में गुरुओं का योगदान अतुलनीयः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के तत्वावधान एवं संघ के संस्थापक पेंशनर स्व. के आर साव सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक की स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन मंडी रोड स्थित कुर्मी बोर्डिंग के सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्र साव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश अग्रवाल पूर्व सदस्य भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल छत्तीसगढ़ शासन, सुशील शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति, रोशन हबलानी पूर्व सदस्य सिंधी अकादमी, आलोक मिश्रा पूर्व सदस्य श्रम कल्याण मंडल छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहे।वही संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव,तहसील शाखा बलोदा बाजार अध्यक्ष तारण सिंह ठाकुर, सिमगा से विश्वेश्वर सिंह पाल, पलारी से संतोष कनोजे, भाटापारा अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल, एसोसियेशन के अध्यक्ष खुमान वर्मा उपस्थित थे। सेवानिवृत शिक्षकों पेंशनरों एवं कार्यरत शिक्षकों में 2025 में राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता डॉ जगदीश साहू का, प्रकाश तिवारी तथा खगेश्वर वर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रमेश कुमार वर्मा, परेटन लाल साहू, सुरेश कुमार बाजपेई, गिरधारी लाल वर्मा, अशोक पंत, खुमान वर्मा, संतोष केसरवानी, प्रकाश जाधव, बाबूलाल साव, एसआर फूटान, आरके वर्मा, डॉ., डीपी वर्मा, दीपक टिकरीहा, सेवाराम वर्मा, वीणा साहू, कमल नारायण यदु, दिलीप सिंह बिसेन, राधा चरण शुक्ला, गणेश राम वर्मा, राजेश्वर वर्मा, अशोक पंत, सहित बड़ी संख्या में पेंशनर एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने लिया सर्वांगीण विकास का संकल्प

मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव ने कहा कि मेरे स्व. पिता भी एक शिक्षक थे उनके सानिध्य में मुझे जो संस्कार मिला और आप जैसे गुरुजनों की शिक्षा आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि आज मैं इस रूप में आप लोगों के बीच उपस्थित हूं। मैं आगे भी इस सम्मान कार्यक्रम को और वृहद रूप में जारी रखूंगा। उन्होंने शिक्षक दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षकों के योगदान को याद करते हुए नमन किया। विधायक साव ने कहा कि एक अच्छे शिक्षक की सीख विद्यार्थी के जीवन में सदैव मार्गदर्शक बनी रहती है।उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाने का संकल्प लिया। समारोह का समापन शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। उपस्थित शिक्षकों को सुरेश वर्मा, सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, रोशन हबलानी एवं आलोक मिश्रा ने भी संबोधित किया। संचालन अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने किया तथा सभागार उपलब्ध कराने के लिए दीपक टिकरिहा के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

संकुल केंद्र रोहिना में शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत संकुल केंद्र रोहिना में शिक्षक दिवस मनाया गया।

संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनवरत कार्य करने वाले नवाचारी शिक्षकों, विषय को मूर्त से अमूर्त की ओर लेजाने वाले, अच्छे नेतृत्व क्षमता वाले, बच्चों के लिए समर्पित कार्य दायित्व निभाने वाले शिक्षकों का सम्मान करते हुए सभी को सुनीति साहू जनपद सदस्य विशेष आमंत्रित अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष गौरीशंकर कर्ष संकुल समन्वयक, तुलसी दास मानिकपुरी, रामदुलार निराला उत्कृष्ट प्रधान पाठक के हाथों से पेन, गुलदस्ता,प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में कमलेश खटकर, भरत कुमार साहू, रवि प्रभा साहू, मनीष कुमार साहू सहायक शिक्षक शास प्राथ शाला हरदी (भ), गिरीश कुमार साहू शिक्षक, गायत्री महिलाने, सनत कुमार लहरे, ताराचंद निषाद शास प्राथ एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरभौवना (ते), राजकुमार भास्कर, रामकुमार भास्कर, गणपत खूंटे, अरूण कुमार भारती, जीतेन्द्र देवांगन, नागेश्वर मांझी, सेत कुमार साहू, सविता



साहू, माहेश्वरी जोल्हे, मनीराम टंडन, वर्षा बंजारे वि आई पी स्कूल , बंदना मानिकपुरी दिशा पब्लिक स्कूल, उमा किरन शिक्षक दिशा पब्लिक स्कूल,आशा रानी महिपाल, ज्योति महिपाल शिक्षक दया पब्लिक स्कूल रोहिना को उनके कार्य दायित्व को देखते हुए संकुल केंद्र रोहिना के द्वारा सम्मानित किया गया।

शिक्षक ही गढ़ते हैं राष्ट्र का भविष्य : प्रेम दांडेकर



सुहेला। गुड शेफर्ड हाई स्कूल नयापारा में भारत के महान शिक्षाविद, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख प्रेम दांडेकर ने दीप प्रज्वलन एवं कैंडल प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के शिक्षकों ने डॉ. राधाकृष्णन को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्रेम दांडेकर ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। डॉ. राधाकृष्णन का जीवन और उनके विचार आज भी शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, मानवता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन, उनके शिक्षा के प्रति समर्पण तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। कैंडल प्रज्वलन के दौरान विद्यालय परिसर श्रद्धा एवं सम्मान के भाव से ओतप्रोत रहा। विद्यालय परिवार ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं। उनके समर्पण और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ अच्छे संस्कार और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित होती है।

छपोरा में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी



बिलाईगढ़। ब्लाक बिलाईगढ़ के समीप शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला छपोरा में दिनांक 05 सितम्बर को सर्वपल्ली राधा कृष्णन जी को शिक्षक दिवस के रूप में याद किया गया। शिक्षकों के द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। तथा प्रत्येक बच्चों को आगे बढ़ने के लिए एक निश्चित लक्ष्य बनाकर चलने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद 04 सितम्बर को शासकीय अवकाश होने के कारण एक दिन बाद शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व भी मनाया गया। जिसमें मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद कौन बनेगा बेहतरीन राधा कृष्ण की जोड़ी का आयोजन किया गया जिसमें कुमारी गीतांजलि निराला और डिम्पल केवट की जोड़ी को प्रथम स्थान मिला। लगभग एक दर्जन बच्चों ने राधा कृष्ण की पोशाक में नजर आए। अंत में शाला के प्रधान पाठक यादराम हिरवानी के द्वारा अतिथि भोजन की व्यवस्था किए गए। खीर पूड़ी के साथ मिष्ठान में बूंदी और नमकीन की व्यवस्था किया गया। इस तरह दोनों कार्यक्रम एक साथ संपन्न कराया गया। शाला परिवार से नन्द कुमार पटेल, जयमाला उपाध्याय, रमा देवी महिलांगे, रसोइया सोन बाई बर्मन, बुगली बाई हिरवानी, सुमित्रा हिरवानी, कोटवार दिगम्बर दास सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों का किया सम्मान


कसडोल। विकासखंड अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल देवरी कला में शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की।



विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे शिक्षकों एवं उपस्थित विद्यार्थियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षक दिवस के महत्व को प्रदर्शित किया। प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों का उत्साह और प्रतिभा देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का माहौल उत्सवमय बना रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक उनके जीवन को सही दिशा देने और बेहतर भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षकों के महत्व को भी रेखांकित किया गया।

शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का किया सम्मान

लवन। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, लवन में शिक्षक दिवस का त्योहार बेहद उत्साह, उमंग और गरिमामय माहौल में मनाया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा गुरुओं के सम्मान में इस पूरे भव्य कार्यक्रम का ताना-बाना बुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य डीके ठाकुर ने शिक्षकों और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। शिक्षक सत्येंद्र कुमार पाण्डेय ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा 7वीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया और जमकर तालियां बटोरीं।



कलम भेंटकर गुरुजनों का किया सम्मान

गोपालपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हारिया में 5 सितंबर 2026 को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं ने शिक्षकों को तिलक एवं श्रीफल कलम भेट किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री एस एल पटेल ने बताया कि शिक्षक दिवस देश के शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने वाला पवन और पवित्र दिवस है देश की मुख्य धारा में जुड़ते हुए विद्यालय में भी शिक्षक दिवस के प्रणेता महामहिम सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन को याद करते हुए उनके प्रतिमा के साथ अन्य महापुरुषों के प्रतिमाओं में पुष्प गुच्छ अर्पण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गोपालपुर के उप सरपंच नारायण प्रसाद साहू तथा दरस राम टंडन द्वारा सभी शिक्षकों को श्रीफल एवं कलम उपहार स्वरूप कलम भेंट की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एस एल पटेल के साथ व्याख्यातागण एन लकड़ा, एमएल सिदार सर, आरएल साहू सर, एसके डनसेना, प्रधान पाठक अरुण दुबे सर, एस आर निषाद सर, श्रीशेखर बंजारे सर, कु नेमलता पटेल मेडम, रजनी बंजारे मेम, संगीता जायसवाल मेम, दीपिका मेम, चंद्रिका मेम, प्रतिभा मेम, लखन भारद्वाज, प्रकाश नेवले, आकाश यादव, घनश्याम दास उपस्थित थे।




पैजनी में शिक्षक दिवस मनाया गया



मुंडा। शिक्षक दिवस डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती को पूरे देश भर में बड़ी उल्लास के साथ शिक्षक दिवस के रूप में 5 सितंबर को मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला पैंजनी में शाला विकास समिति एवं छात्रों द्वारा शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर शाला के शिक्षकों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर वर्मा, उपसरपंच यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष छुनियाबाई विश्वकर्मा, पलक सदस्य संजय टंडन, नोखाराम वर्मा एवं पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । छात्रों द्वारा स्वागत गीत भक्ति मैय गीत गुरु वंदना आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया छात्रों एवं शाला विकास समिति तथा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा शाला के समस्त शिक्षकों को श्रीफल, पेन भेट कर तथा बैच लगाकर सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रमुख रूप से चूड़ामणि वर्मा प्रधान पाठक, संतोष कुमार पैकरा प्रभारी प्रधान पाठक, समारू दास बांधे संकुल समन्वयक, विनोद कुमार पटेल, नरेंद्र कुमार साहू, अरुण कुमार रात्रे, लोमश कुमार कोसले, ज्यामिति यदु, सुकृता सेन, हुलसी वर्मा प्रमुख थे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा मटका फोड़ विविध वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया 2026 में कक्षा पांचवी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शिक्षिका सुकृता सेन द्वारा सम्मानित किया गया।

करही बाजार में हर्षोल्लास से मना शिक्षक दिवस

करहीबाजार। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, करहीबाजार में शिक्षक दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष बसंत देवांगन ने की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच कमला अरुण निषाद तथा विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर देवदास विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया गया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, पालकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसंत देवांगन ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं सरपंच कमला अरुण निषाद ने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर देवदास ने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों, माता-पिता, ग्राम एवं देश का नाम रोशन करने के लिए सदैव प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, शिक्षकगण, पालकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

सुमित्रा धृतलहरे बोलीं - मुख्य साजिशकर्ताओं का सामने आना अभी बाकी

एनआईए की कार्रवाई पर कांग्रेस के सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



झीरम घाटी नक्सली हमले के मामले में एनआईए के फैसले के बाद जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा ने जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की। कांग्रेस ने एनआईए के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि झीरम घाटी नरसंहार के पीछे के मुख्य सूत्रधार और साजिशकर्ताओं का खुलासा होना अभी बाकी है। पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा मौजूद रहे, जो स्वयं झीरम हमले में घायल हुए थे। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि यह गंभीर जांच का विषय है कि घटना के मुख्य आरोपियों को न्यायालय के समक्ष किसके कहने पर पेश नहीं किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि परिवर्तन यात्रा के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं थी और नेताओं की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों को किसके निर्देश पर हटाया गया। उन्होंने कहा कि इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, अदालत ने हथियारों को सजा दी है, लेकिन उन हथियारों को चलाने वाले हाथों तक जांच अभी नहीं पहुंची है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने झीरम घटना को सामान्य नक्सली हमला नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या की साजिश जैसा बताया। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल और दिनेश पटेल सहित कई नेताओं को नाम लेकर निशाना बनाया था। ऐसे में यह पता लगना जरूरी है कि उन्हें विशेष रूप से निशाना बनाने के

एसआईटी जांच को रोकने का लगाया आरोप

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि कांग्रेस एनआईए के फैसले का सम्मान करती है, लेकिन इसे पूर्ण न्याय नहीं माना जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में जांच को प्रभावित और भटकाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार के समय गठित एसआईटी की जांच को आगे बढ़ने से रोका गया। कांग्रेस की मांग है कि झीरम घाटी नरसंहार की पूरी साजिश का पर्दाफाश कर राजनीतिक एवं अन्य षड्यंत्रकारियों की पहचान की जाए और दोषियों को कानून के अनुसार कठोर सजा मिले। पत्रकार वार्ता में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, परमेश्वर यदु, लखेश साहू, सुरेंद्र जायसवाल, प्रवीण सेन, दीपक साहू, कालिंदी वर्मा, नीरज बांधे, संदीप पांडे, सुखदेव साहू, जय सिंह ठाकुर सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

